वी.यू. में 38वीं प्रबंधन मंडल बोर्ड की बैठक सम्पन्न

जबलपुर। आज दिनांक 31-12-2021 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में 38वीं प्रबंधन मंडल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी शुरूआत मॉ सरस्वती जी की मूर्ति के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा की गई। बैठक की शुरुआत में कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी ने मेंबर्स के समक्ष ऐजेंडा प्रस्तुत किया जिसमें विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न प्रगतिशील एवं आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं विश्वविद्यालय हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए साथ ही अन्य प्रस्ताव भी रखें गये है। हाल ही में हुए साक्षात्कार में 30 रिक्त पदों में चयनित उम्मीदवारों के लिफाफे

खोलकर अनुमोदन किया गया इस अवसर पर माननीय सदस्यों द्वारा अपने–अपने विचार प्रकट किये तथा कुलपति, डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल नेतृत्व में प्रबंधन एवं प्रशासनिक दक्षता व वि.वि. के निरंतर विकास के प्रयासों की सराहना की और आगे पूर्ण सहयोग एवं सामंजस्य का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 2022 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन माननीय कुलपति जी एवं प्रबंधन मंडल के सदस्यों द्वारा किया गया। कुलपति जी ने चयनित उम्मीदवारों, प्रबन्धनमंडल के सदस्यों एवं विश्वविधालय के अधिकारियों, कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। बैठक में प्रबंधन मंडल के सदस्यों में क्रमशः मण्डल के सदस्य माननीय डॉ. उमेश चन्द्र शर्मा, अध्यक्ष, कुलसचिव, डॉ. श्रीकांत जोशी, डॉ. सुधीर यादव, हिम्मत सिंह पटेल, डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. मधु स्वामी, संचालक अनुसंधान सेवाये, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार सेवाए, डॉ. ऐ.के. गौर सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी एवं विश्वविद्यालय के समस्त संचालक, अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,अधारताल,जबलपुर